Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:14 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 6:33 बजे



हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 229 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 5 मार्च 2024

कैटरीना ने सास-ससुर पर...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### वन विभाग भी एक्टिव मोड में आया

**नैनीताल।** मामले में राजस्व पुलिस तथा रेगुलर पुलिस के बाद भी अब वन विभाग भी एक्टिव मोड में आ गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अब वन विभाग भी ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाने जा रहा है जिन लोगों ने बिना सोचे समझे वन विभाग को भ्रामक सूचना दी है। फिलहाल वन विभाग इस मामले में खोजबीन कर रहा है।

### कैमिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों ने किया स्वागत

**हल्द्वानी।** मेडिकल एवं केमिस्ट व्यापारियों की टीम द्वारा केमिस्ट एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य पंकज कंसल को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल में महत्वपूर्ण दायित्व देने पर केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया, संगठन के पूर्व अध्यक्ष नीरज कांडपाल द्वारा कहा गया कि कंसल जी को उत्तराखंड के सबसे बड़े व्यापारी संगठन में जिले के महत्पूर्ण पद पर बैठाने से संगठन की तागत में इजाफा होगा और व्यापारी को पंकज कंसल के अनुभव का लाभ मिलेगा, पंकज कंसल जी द्वारा कहा गया कि प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला नैनीताल के शीर्ष नेतृत्व द्वारा जो मुझे जिम्मेदारी दी गई है उसको में पूरी लगन और मेहनत के साथ निभाने का पूरा प्रयत्न करूँगा, कैमिस्ट एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों का आभार जताया।

### सीएम धामी ने पीएम मोदी का जताया आभार

# 33 योजनाओं के लिए केंद्र से 559 करोड़ मंजूर

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री अवस्थापना विकास से जुड़ी इन सभी योजनाओं के प्रस्तावों को शीघ्र मंजूरी देने के लिए केंद्र सरकार ने अनुरोध किया था। इस संबंध में उन्होंने पत्र भी लिखा था।

केंद्र सरकार ने राज्य में कैम्पटी फॉल में टनल पार्किंग, हरबर्टपुर में आईएसबीटी, किच्छा में बस स्टैंड, देहरादून शहर में सौंग बांध परियोजना और हल्द्वानी में सीवरेज स्कीम समेत 33 विकास योजनाओं के लिए 559 करोड़ रुपये जारी किए हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताया है। मुख्यमंत्री अवस्थापना विकास से जुड़ी इन सभी योजनाओं के प्रस्तावों को शीघ्र मंजूरी देने के लिए केंद्र सरकार ने अनुरोध किया था। इस संबंध में उन्होंने पत्र भी लिखा था। सीएम ने कहा, केंद्र सरकार द्वारा जारी धनराशि से राज्य के अवस्थापना विकास को मजबूती मिली।

कहा, राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को विशेष ऋण सहायता योजना के तहत 748.71 करोड़ रुपये के 45 प्रस्ताव भेजे थे। इनमें 559 करोड़ रुपये के 33 विकास प्रस्तावों को पहले चरण में मंजूरी मिल गई है। इनमें 18 योजनाएं नई हैं। बाकी पहले से संचालित योजनाओं के लिए धनराशि जारी हुई है।



### इन योजनाओं पर शुरू होगा काम

पिथौरागढ़ के कृष्णापुरी वार्ड में पार्किंग 8.17 करोड़, कैम्पटी फॉल में टनल पार्किंग के लिए 26 करोड़, रुड़की में ऑटोमेटेड पार्किंग के लिए सात करोड़, पिथौरागढ़ के लक्ष्मी नारायण व हाटकाली मंदिर में कार पार्किंग के लिए छह करोड़, हल्द्वानी में उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी के लिए 20 करोड़, नैनीताल में डेयरी प्लांट के नए ब्लॉक के लिए पांच करोड़, देहरादून के चमन विहार में सीवरेज स्कीम के लिए पांच करोड़, हल्द्वानी-काठगोदाम पेयजल आपूर्ति के लिए 10 करोड़, हल्द्वानी-काठगोदाम की दो सीवरेज स्कीमों के लिए 10 करोड़, सभी जिलों में पुलिस फोर्स के लिए प्रोक्योरमेंट के लिए 20 करोड़, यूएसनगर, हरिद्वार और देहरादून में पुलिस कर्मचारियों के आवासीय भवनों के निर्माण के लिए 25 करोड़, देहरादून में टाइप तीन के 36 आवास का निर्माण सात करोड़, सभी जिलों में राजस्व पुलिस के साजो सामान के लिए पांच करोड़, हल्द्वानी स्थित हलदूचौड़ डिग्री कॉलेज में, राजकीय महाविद्यालय त्यूनी में बालिका छात्रावास में पुस्तकालयों और बहुउद्देश्यीय भवनों के निर्माण के लिए छह करोड़, कुमाऊं विवि में लेक्चर हॉल बनाने के लिए 5.02 करोड़, सौंग बांध बहुउद्देश्यीय परियोजना के लिए 88 करोड़, हरिद्वार मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य अवसंरचना के लिए 100 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की है।

# बनभूलपुरा दंगा मामले में संलिप्त तीन और दंगाईयों को गिरफ्तार

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

बनभूलपुरा दंगा मामले में पुलिस उपद्रवियों को लगातार चिन्हित कर रही है। इस बीच पुलिस ने इस मामले में संलिप्त तीन और दंगाईयों को गिरफ्तार किया है। अब तक पुलिस दंगे से जुड़े 92 उपद्रवियों को जेल भेज चुकी है।

बता दें कि बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा स्थित मलिक का बगीचा में अवैध निर्माण ढ़हाने के बाद बवाल हो गया था। उपद्रवियों ने पुलिस, नगर निगम और मीडिया कर्मियों पर पथराव कर दिया। साथ ही आगजनी भी कर दी थी। सैकड़ों वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया। इतना ही नहीं बनभूलपुरा थाने में भी आग लगा दी गई। इस हिंसा में पांच लोगों की मौत भी हुई।

हिंसा को काबू में करने के लिए प्रशासन ने पूरे शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया। जिसके बाद पुलिस दंगाइयों को चिन्हित कर उन्हें गिरफ्तार करने में जुट गई।

पुलिस अब पांच महिला दंगाइयों समेत 92 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए उपद्रवियों में जहीर पुत्र मौ. खालिद निवासी लाइन नंबर 6 आजाद नगर बनभूलपुरा, मो. शाकिर उर्फ लाला पुत्र यामिन निवासी इंद्रानगर नाला वार्ड 29 बनभूलपुरा और दानिश खान पुत्र स्व. फयाज खान निवासी लाल मस्जिद के सामने लाइन नंबर 18 बनभूलपुरा शामिल हैं। अभी तक पुलिस कार्यवाही में कुल 92 उपद्रवियों की गिरफ्तारी की गयी है।

### भवन की सील तोड़कर शुरू कर दिया निर्माण कार्य

**हल्द्वानी।** सील किए गए भवल की सील तोड़ कर निर्माण कार्य शुरू करने पर जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

प्राधिकरण के अपर सहायक अधिकारी ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा कि ठंडी सड़क गुरूनानक पुरा में बिना अनुमति के निर्माण कार्य करने पर यश गुजराल और सीमा गुजराल के भवन 30 मई 2022 को सील कर दिया गया था। इधर दोनों ने 29 फरवरी 2024 को भवन की सील तोड़ कर दोबारा निर्माण कार्य शुरू कर दिया। सील को तोड़ कर भवन में लिंटर डाला गया है। भवन को पुनः सीलबंद कर दिया गया है। अपर सहायक अधिकारी ने तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की है।



# प्रदर्शनः एबीवीपी ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा संरक्षित अपराधियों द्वारा महिलाओं के साथ किए गए जघन्य अपराधों के संदर्भ में न्याय को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आज एसडीएम कोर्ट में प्रदर्शन किया और उप जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया।

ज्ञापन के माध्यम से परिषद कार्यकर्ताओ ने महामहिम राष्ट्रपति से मांग की है कि पश्चिम बंगाल के संदेशखाली क्षेत्र में सत्तारूढ़ पार्टी की सह पर हिंदू घरों से जबरन नाबालिग कन्यायो व महिलाओं को चिन्हित कर उनका भयपूर्वक अपहरण कर राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी कार्यालय में लाकर अत्याचार करने के कई जघन्य मामले सामने आए हैं।

पीड़िताओं में अधिकांश महिलाएं अत्यंत पिछड़े व अनुसूचित वर्ग की है और अपने ऊपर हो रहे अत्याचार की अति से तंग आकर कई परिवार




संदेशखाली से पलायन करने को मजबूर हैं।पश्चिम बंगाल राज्य की महिला मुख्यमंत्री के संरक्षण से वर्षो के शारीरिक व मानसिक शोषण से तंग आकर संदेशखाली की हजारों महिलाएं आज राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलनरत है। विद्यार्थी परिषद ने महामहिम राष्ट्रपति से ज्ञापन के माध्यम से अपील की है कि संदेशखाली में केंद्रीय अर्ध सैनिक बल तैनात किया जाए जिससे वहां की महिलाओं में सुरक्षा की भावना उत्पन्न हो और पलायन रुक सके। परिषद ने संरक्षित अपराधियों को भी चिन्हित कर कार्यवाही की जाए जिससे पीड़िताओं को न्याय मिल सके। ज्ञापन देने वालों में छात्र संघ अध्यक्ष सूरज सिंह रमोला,शिप्रा बसेड़ा, कौशल बिरखानी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता मोजूद रहे।

## शराब पीकर वाहन वाहन चलाना पड़ा महंगा, ट्रक सीज

**नैनीताल।** हल्द्वानी से भवाली होते हुए पहाड़ को जाने वाले ट्रक चालक को शराब पीकर वाहन वाहन चलाना महंगा पड़ा। शराब पीकर वाहन चलाने पर पुलिस की ओर से ट्रक सीज कर दिया गया है। बता दें कि हल्द्वानी से सामान लेकर कई ट्रक रोजाना पहाड़ों की ओर जाते हैं लेकिन कई बार कई ट्रकों के चालक शराब पीकर ट्रक चलाकर अपनी व अन्य लोगों की जान खतरें में डाल देते हैं। ऐसे में पुलिस की ओर से अभियान चलाकर अब शराब पीकर ट्रक व पिकअप चलाने वाले चालकों की जांच कर कार्रवाई की जा रही है। रविवार देर शाम भी पुलिस की ओर से ज्योलीकोट में अभियान चलाकर ट्रक व पिकअप चालकों की जांच की गई। इस दौरान काठगोदाम से भवाली की ओर जा रहे ट्रक को जब पुलिस ने रोका तो ट्रक चालक शराब पिया हुआ निकला। मौके पर मौजूद एसआई अविनाश मौर्य ने बताया कि वाहन चालक से अन्य लोगों की सुरक्षा व यातायात नियमों के उलंघन करने पर गंगोलीहाट पिथौरागढ़ निवासी प्रमोद कुमार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ट्रक सीज कर दिया गया है।



# भाजपा किसान मोर्चा का परिक्रमा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

भाजपा किसान मोर्चा नैनीताल द्वारा ग्राम परिक्रमा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन लामाचौड़ मंडल में किसान चौपाल के माध्यम से किया गया।

कार्यक्रम में किसान मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा गांव -गांव भ्रमण कर मोदी सरकार की किसानों के लिए लाभकारी योजनाओं के बारे में किसानो को जानकारी प्रदान की गई ।इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष संदीप कुकसाल द्वारा मोदी सरकार की किसानों के लिए लाभकारी योजनाए प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, न्यूनतम समर्थन मूल्य, प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना, सॉइल हेल्थ कार्ड, किसान उदपादक संघठन (द्वश्चश्च) पशुधन विकास, एकीकृत बागवानी विकास मिशन (द्वद्वस्त्रद्ध), आयुष्मान भारत योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत ग्रामीण मिशन, प्रधानमन्त्री जन धन योजना, प्रधानमन्त्री आवास योजना, प्रधानमन्त्री गरीब कल्याण योजना की जानकारी दी। इस अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री भाजपा नवीन भट्ट, जिला उपाध्यक्ष लाखन नगलटीया, जिला कोषाध्यक्ष प्रताप बोरा, लामाचौड़ किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष जसवंत सिंह जस्सा, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री दिनेश सिंह, जिला मंत्री मदन सिंह रावत, चंदन किरोला, हेमन्त भट्ट , समेत अनेक लोग उपस्थित थे ।कार्यक्रम का संचालन प्रमोद पंत ने किया।

# जनमानस के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

पनियाली गांव में चल रहे इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला वाणिज्य महाविद्यालय हल्द्वानी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा जनमानस के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। एनएसएस प्रभारी डॉ0 ललिता जोशी ने बताया कि द्वितीय दिवस में मानसिक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के साथ ही नशे रूपी अभिशाप के उन्मूलन के लिऐ पन्याली के बहुद्देशीय शिविर में एनएसएस के माध्यम से आम जनमानस के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया गया जिसमें सुशीला तिवारी अस्पताल के वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ0 युवराज पंत ने स्वास्थ्य शिविर में आए ग्रामीणों को मानसिक स्वास्थ्य एवं नशे की लत को छुड़ाने के सम्बंध में जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 रितुराज पंत ने कहा कि राष्टीय सेवा योजना का एकमात्र उद्देश्य युवा छात्रों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए अनुभव प्रदान करना है। इसी के दृष्टिगत यह स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ0 अंजू पालीवाल, सुनील खाती, चन्द्रशेखर भट्ट आदि उपस्थित रहे।



## NEWS / फटाफट

### डाक कावड़ लेने हरिद्वार रवाना हुआ व्यापारियों का दल



**हल्द्वानी।** नैनीताल जिले के हल्द्वानी से युवक कांवड़ संघ के महंत संजय त्यागी के नेतृत्व में मंगलवार को व्यापारियों का दल डाक कावड़ लेने हरिद्वार रवाना हुआ। दल में सूरज, योगेश, मनजीत, तनिष्क, सुमित, निक्कू, ललित साहू, मुकेश, घनश्याम जोशी, सुमित दीपक, कमल, आर्यन, नरेश शामिल हैं। इस दौरान महंत त्यागी ने बताया कि कल बुधवार को प्रातः हरिद्वार से गंगा जल लेकर 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर्व पर मुखानी स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक किया जायेगा। कावड़ दल को रवाना करने के दौरान प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला उपाध्यक्ष पंकज कंसल, जिला महामंत्री हर्षवर्द्धन पांडे, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री मनोज जायसवाल, नीरज कांडपाल, भाजपा नेता विनीत अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ की मीना अध्यक्ष व गौरव मंत्री बने



**हल्द्वानी।** उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ हल्द्वानी डिपो के चुनाव में मीना जोशी अध्यक्ष व गौरव जोशी मंत्री चुने गये। सोमवार को हल्द्वानी स्टेशन स्थित संघ कार्यालय में चुनाव पर्यवेक्षक रूप सिंह, ललित पांडे, पूरण राणा, वीरेंद्र सिंह बिष्ट की देखरेख में चुनाव कराए गए। इस दौरान महेश चंद्र सिंह देवराड़ी व राजेश दुम्का उपाध्यक्ष, मिथलेश यादव उपमंत्री, कुसुम गौड़ संगठन मंत्री, गिरीश चंद्र बिरखानी कोषाध्यक्ष व राजेश पांडे संप्रेक्षक चुने गए। इसके साथ ही हरीश चंद्र पाठक, जीत सिंह, निर्मल सिंह, सुभाष बेलवाल, किशन सिंह, प्रेम चंद्र जोशी व योगेश जोशी कार्यकारिणी सदस्य तथा बालमुकुंद सुयाल, प्रेम चंद्र दुम्का, रामप्रीत यादव, नवनीत कपिल, संजीव कुमार व ललित चंद्र पांडे को क्षेत्रीय सदस्य बनाया गया।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# कर्मचारी नेताओं ने विधायक सरिता को राज्य वित्त निधि की धनराशि को लेकर सौंपा ज्ञापन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर पालिका परिषद के कर्मचारी नेताओं ने सोमवार को विधायक सरिता आर्या को राज्य वित्त निधि के अन्तर्गत प्रदान की जाने वाली धनराशि को लेकर ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन में कहा गया था कि नगर पालिका परिषद नैनीताल को राज्य वित्त निधि के अर्न्तगत वेतन/भत्तों इत्यादि मद में धनराशि प्रदत्त की जाती है परन्तु राज्य वित्त निधि के अन्तर्गत प्रदत्त की जाने वाली धनराशि का आंकलन पूर्व परिस्थितियों एवं जनगणना 2011 को दृष्टिगत रखते हुए किया गया है जबकि वर्तमान में नगरपालिका क्षेत्रान्तर्गत जनसंख्या में काफी बढ़ोत्तरी हो चुकी है इसके अतिरिक्त पालिका द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का क्षेत्रफल भी विस्तृत हो चुका है, विकास कार्यों हेतु प्रेषित धनराशि के सापेक्ष अवमुक्त



धनराशि के सापेक्ष विकास कार्यों के दौरान कार्य में बढ़ोत्तरी के फलस्वरूप अतिरिक्त धनराशि का भुगतान भी पालिका निधि से ही किया जाता है जिस कारण पालिका में कार्यरत कर्मचारियों के सापेक्ष राज्य वित्त निधि से प्रदान की जाने वाली धनराशि पर्याप्त नहीं हो पा रही है एवं पालिका कर्मचारियों को दो.तीन माह तक वेतन भत्तों का भुगतान नहीं हो पा रहा है जिस कारण पालिका कार्मिकों का आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है एवं जीवन यापन में कठिनाई उत्पन्न हो रही है।

कर्मचारी नेताओं ने विधायक सरिता आर्या से परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए शासन द्वारा राज्य वित्त निधि के अन्तर्गत प्रदत्त की जाने वाले धनराशि में बढ़ोत्तरी करवाने की मांग की है।

# युवती के अपहरण मामले में आरोपी को दूसरे दिन भी राहत नहीं

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले के कोटाबाग ब्लाक के तोक तोला के तल्ला बगड़ क्षेत्र से गुम होने के बाद नैनीताल नगर के मल्लीताल क्षेत्र से बरामद की गई युवती के अपहरण मामले में आरोपी को दूसरे दिन यानी सोमवार को भी राहत नहीं मिली।

न्यायालय ने आरोपी की न्यायिक हिरासत को 17 मार्च (रविवार) तक बढ़ा दिया है वहीं दूसरी ओर युवती को भी फि लहाल अदालत में पेश नहीं किया जा सका है।

बता दें कि नैनीताल के समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्र तल्ला बगड़ में बीते शुक्रवार को 22 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में गुम हो गई थी। 24 घंटे तक वन विभाग तथा राजस्व की टीम व ग्रामीणों ने उसे जंगल में तलाशते रहे लेकिन दूसरे दिन युवती मल्लीताल स्थित एक गेस्ट हाउस में मिली।

मामले में राजस्व पुलिस ने नैनीताल निवासी आसिफ जलाल के खिलाफ आईपीसी की धारा 365 व 366 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय पेश किया था जहां से उसे एक दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था।

मामले में एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि सोमवार को दोबारा पेशी में कोर्ट ने आरोपी की न्यायिक हिरासत को 17 मार्च (रविवार) तक बढ़ा दिया है जबकि युवती को सोमवार को भी कोर्ट में पेश नहीं किया जा सका है।

# अभिमत

## राष्ट्र प्रथम

*इस बार चुनाव में भाजपा का 'राष्ट्र प्रथम' गठबंधन और दूसरी तरफ परिवारवादी दलों का खेमा है। पार्टियों को चलाने वाले परिवारों की दूसरी, तीसरी और चौथी पीढ़ी टू-जी, थ्री-जी और फोर-जी की विपक्षी गठबंधन में भरमार है। सच तो यही है कि परिवारवादी पार्टियां पीढ़ी दर पीढ़ी सत्ता का सुख भोगने के लिए किसी भी हद तक जाने से नहीं चूकती हैं। भाजपा ने पीढ़ीगत राजनीति को झटका दिया है। भाजपा के बड़े नेताओं के परिवार वालों को जबरदस्ती राजनीति में बढ़ावा देने की परंपरा नहीं है। उदाहरण के लिए भारत रत्न से सम्मानित व उप प्रधानमंत्री रहे लालकृष्ण आडवाणी और पूर्व केन्द्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी के वयोवृद्ध हो जाने पर उनके परिवार के सदस्य को टिकट नहीं दिया गया।*

भारतीय जनता पार्टी दो बार लोकसभा चुनाव जीतकर केन्द्र में सत्तारुढ़ है। तीसरी बार सत्ता में वापसी की उम्मीद है, लेकिन भाजपा संगठन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा की तरह चुनाव को चुनौती मानते हैं। चुनाव की तैयारी में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा चुनाव की तुलना महाभारत युद्ध से करते हुए कहा कि एक खेमे में कौरव और दूसरे खेमे में पांडव थे। इस बार चुनाव में भाजपा का राष्ट्र प्रथम गठबंधन और दूसरी तरफ परिवारवादी दलों का खेमा है। पार्टियों को चलाने वाले परिवारों की दूसरी, तीसरी और चौथी पीढ़ी टू-जी, थ्री-जी और फोर-जी की विपक्षी गठबंधन में भरमार है। सच तो यही है कि परिवारवादी पार्टियां पीढ़ी दर पीढ़ी सत्ता का सुख भोगने के लिए किसी भी हद तक जाने से नहीं चूकती हैं। भाजपा ने पीढ़ीगत राजनीति को झटका दिया है। भाजपा के बड़े नेताओं के परिवार वालों को जबरदस्ती राजनीति में बढ़ावा देने की परंपरा नहीं है। उदाहरण के लिए भारत रत्न से सम्मानित व उप प्रधानमंत्री रहे लालकृष्ण आडवाणी और पूर्व केन्द्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी के वयोवृद्ध हो जाने पर उनके परिवार के सदस्य को टिकट नहीं दिया गया। भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में स्पष्ट कहा गया कि भाजपा के गठबंधन में राष्ट्र प्रथम है और विपक्ष के गठबंधन में परिवार की राजनीति को अहमियत दी जा रही है। अधिवेशन में 'भाजपा देश की आशा, विपक्ष की हताशा' शीर्षक से प्रस्ताव पेश किया गया। प्रस्ताव में भाजपा को चुनाव में जीत के प्रति आशान्वित जरूर बताया गया है और भाजपा के जमीनी स्तर का कार्यकर्ता भी तीसरी बार केन्द्र में भाजपा में आने के लिए पूरी तरह आश्वस्त हैं, लेकिन पार्टी हाईकमान चुनाव को कौरवों से युद्ध मान रहा है। विपक्ष हताश जरूर है। विपक्षी गठबंधन के घटक दलों के सीटों के बंटवारे पर एक-दूसरे से जूझ रहे हैं। एकजुट होकर भाजपा से मुकाबले की रणनीति बना नहीं पाये हैं। विपक्षी गठबंधन को संयुक्त एजेंडा भी नहीं बन पाया है। विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व करने का दावा करने वाली कांग्रेस अलग-थलग पड़ गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चुनाव में टिकट लेने से कतरा रहे हैं। वरिष्ठ नेता अपने परिवार के सदस्य को लोकसभा चुनाव में उतार कर भविष्य में राजनीति का रास्ता तैयार करना चाहते हैं। बेटा लोकसभा चुनाव हार जायेगा तो बड़े नेता की साख बरकरार रहेगी। भाजपा के गठबंधन में शामिल पार्टियां सीट बंटवारे पर पूरी तरह सहमत नजर आ रही हैं। कुछ दिन पहले नारा दिया गया था- 'भाजपा चार सौ के पार' अब कहा जा रहा है कि गठबंधन जीतेगा चार सौ सीटें। गठबंधन के घटक दलों को उत्साहित करने के लिए भाजपा अकेले दम पर लोकसभा चुनाव जीतने की बात कहने से पीछे हटी है।

# साप्ताहिक लालकुआं अमृतसर एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी

लालकुआं

हमारे संवाददाता



लोकसभा चुनाव से पहले केंद्रीय पर्यटन एवं रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने लालकुआं से साप्ताहिक 15016 लालकुआं अमृतसर एक्सप्रेस ट्रेन का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करते हुए कहा इस ट्रेन के संचालन से मिनी पंजाब के रूप से पहचाने जाने वाला उधमसिंह नगर सीधा पंजाब से जुड़ जाएगा, तथा यहां के लोगों को अब आसानी से स्वर्ण मंदिर के भी दर्शन सुलभ हो सकेंगे ।

इस दौरान भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड में विकास कार्य जोर शोर से चल रहा है, उन्होंने टनकपुर-देहरादून तथा अमृतसर- लालकुआं एक्सप्रेस के संचालक को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वार्ष्णेय एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भी आभार जताते हुए कहा कि इनके सहयोग से राज्य में रेल सेवाओं को गति मिली है, तथा राज्य में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के संचालन के भी द्वार खुले हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही दिल्ली-काठगोदाम के मध्य वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन संचालन होगा जबकि अयोध्या देहरादून होते हुए दिल्ली तक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के भी प्रयास भी किए जा रहे हैं। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक डॉ मोहन सिंह बिष्ट ने लालकुआं विधानसभा क्षेत्र को एक नई ट्रेन मिलने पर मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री तथा रेल मंत्री का भी आभार जताया।

इससे पूर्व भट्ट को भाजपा हाई कमान द्वारा नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा सीट के लिए दोबारा से टिकट मिलने पर उनका भाजपा कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त स्वागत किया, तथा लालकुआं वीआईपी गेट से लेकर रेलवे स्टेशन तक शक्ति प्रदर्शन कर जुलूस निकाला।

कार्यक्रम में रुद्रपुर के विधायक शिव अरोड़ा अपर मंडल रेल प्रबंधक राजीव अग्रवाल. मुख्य वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा, सहायक मंडल इंजीनियर काशीपुर सुबोध थपलियाल, सीनियर सेक्शन इंजीनियर काठगोदाम रोशन लाल जायसवाल, स्टेशन प्रबंधक पुष्कर सिंह, हेमंत नरूला, मंडल अध्यक्ष धन सिंह बिष्ट, कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन के प्रशासक मुकेश बोरा, जगदीश पन्त, रोहित दुम्का, वरिष्ठ भाजपा नेता गजराज बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, विनोद श्रीवास्तव, संजय अरोड़ा नारायण सिंह बिष्ट समेत सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खाली प्लेटफार्म पर यूरिनल लगवाने के लिए आग्रह

**नैनीताल।** माँ नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल द्वारा सोमवार को नगर पालिका के प्रशासक के. एन. गोस्वामी और अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद को मॉल रोड में रेस्टोरेंट के बगल में बनने जा रहे पिंक टॉयलेट के साथ या समीप वाले एक प्लेटफार्म जो खाली है वहां एक यूरिनल लगवाने के लिए आग्रह किया गया। व्यापार मंडल के मुताबिक वहां पहले पूरा शौचालय होता था और यह यहां के सभी व्यवसायियों की भी ज़रूरत और पर्यटक के लिए भी यह अति आवश्यक है। व्यापार मंडल का कहना है कि यहां पर खुले में पेशाब होता है जिससे बीच मॉल रोड में बेहद बदबू का सामने करना पड़ता है और पर्यटक भी कई बार इसकी शिकायत दुकानदारों से करता है और मॉल रोड की छवि और नैनीताल पर्यटन के लिए यह अच्छी बात नहीं है। कहा कि कुछ समय पूर्व इसी पिंक टॉयलेट प्रोपेड और उसके बगल के ट्रांसफार्मर से एकदम सही जगह पर यहाँ नगर पालिका का कूड़ा वाला बड़ा कंटेनर था जिसे हटा दिया गया। इस प्लेटफ र्म को जो की अभी भी है और अच्छी ख़ासी बढ़ी जगह है।

# हल्द्वानी 200 कार्यकर्ताओं ने निकाली स्कूटी रैली



हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

प्रदेश अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा आशा नौटियाल के निर्देशानुसार एवं जिला अध्यक्ष अलका जीना की अध्यक्षता में स्कूटी रैली आयोजित की गई । जिसमें विधानसभा स्तर में आज हल्द्वानी विधानसभा द्वारा कुमाऊ संभाग कार्यालय हल्द्वानी से प्रारंभ होकर कालाढूंगी चौराह तिकोनिया, दुर्गा सिटी होते हुए संभाग कार्यालय पर समापन किया गया। 200 कार्यकर्ताओं द्वारा स्कूटी रैली निकाली गई। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया ने हरी झंडी दिखाकर रैली का उद्घाटन किया ।

पिछले 10 वर्षों से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण के लिए के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं इस कारण मोदी जी का आभार जताने के लिए इस रैली का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष अलका जीना ने कहा महिला में असीम शक्ति होती हैद्य आज की स्कूटी रैली इस बात का प्रमाण है वो घर बाहर दोनों जगह निपुणता के साथ कार्य करती हैं। कल्याणकारी योजनाओं के लिए उन्होंने मोदी का धन्यवाद किया।

कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता कल्पना बोरा,महामंत्री पूनम जोशी जी,उपाध्यक्ष सीमा बत्रा,ममता भट्ट, मुन्नी बिष्ट, मंत्री पूजा जीना,मीडिया प्रभारी विनीता वर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष राशि जैन,काठगोदाम मंडल भावना साह, शांति भट्ट व जिले तथा मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ता प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# फिल्मी दुनिया

## कैटरीना ने सास-ससुर पर लुटाया प्यार



*कैटरीना कैफ बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री होने के साथ-साथ एक परफेक्ट वाइफ और बहू भी हैं। साल 2021 में वे अभिनेता विक्की कौशल के साथ शादी के बंधन में बंधीं। कैटरीना अक्सर अपने सोशल मिडिया हैंडल से विक्की और अपनी तस्वीरें साझा करती रहती हैं। हाल ही में, अभिनेत्री ने एक इंटरव्यू के दौरान अपनी सास-ससुर की जमकर तारीफ करती नजर आईं। अपने सास-ससुर शाम और वीणा कौशल के साथ कैटरीना कैफ बेहद प्यारा रिश्ता साझा करती हैं। अभिनेत्री उनके बारे में बातें करती हुई कहती हैं, विक्की के माता-पिता ने अपने दोनों बेटों को बहुत अच्छी परवरिश दी है। विक्की और सनी दोनों ही जमीन से जुड़े हुए इंसान हैं। वे बड़ो की इज्जत करना जानते हैं। वे रिश्तों की मर्यादा को समझते हैं। कैटरीना कैफ और विक्की कौशल की जोड़ी को लोग काफी पसंद करते हैं। फैंस को दोनों के बीच की केमिस्ट्री बहुत प्यारी लगती हैं। कैटरीना पति विक्की के बारे में बात करते हुए कहती हैं, विक्की फिल्मों के बेहद शौकीन हैं, लेकिन उन्हें आर्ट फिल्में पंसद हैं। जब भी हम घर पर रहते हैं हम साथ में फिल्में देखते हैं। वे बहुमुखी प्रतिभा के इंसान हैं। उनके साथ वक्त कैसे निकल जाता है पता ही नहीं चलता है।*

### विक्की की फिल्में पसंद है

*कैटरीना अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, मुझे विक्की का काम काफी पसंद है। मैं उनकी सभी फिल्में देखती हूं। वे एक बेहतरीन अभिनेता हैं। मैं सैम बहादुर में उनके किरदार को देखकर चकित रह गई थी। मुझे सैम बहादुर में विक्की नहीं सिर्फ सैम नजर आए। वे अपने किरदारों में ढल जाते हैं।*

# ऊंचापुल में सात से उत्सव मेला, उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं होंगी सम्मानित

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नाबार्ड की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के लिए चार दिनी मेले का आयोजन किया जाएगा। गिरिजा बुटीक एवं महिला विकास संस्था के तत्वाधान में राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सहयोग से हल्द्वानी शहर में प्रथम बार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उद्यमी महिलाओं के सम्मान में ग्रामीण महिलाओं व कारीगरों को बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सात से 10 मार्च तक रामलीला मैदान ऊंचापुल में मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले का उदघाटन मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी, विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (नाबार्ड) व अपर निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय, निवर्तमान मेयर व हल्द्वानी विधायक संयुक्त रूप से करेंगे। इसके साथ ही उद्यमिता के क्षेत्र में कार्य कर रही स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व समाज हित में उत्कृष्ट योगदान दे रहीं महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित किया जायेगा। जिला विकास प्रबंधक मुकेश बेलवाल ने बताया कि नाबार्ड द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के श अवसर पर उद्यमी महिलाओं के सम्मान में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हल्द्वानी में प्रथम बार होली-शिवरात्रि उत्सव मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार के स्तर लोकल क्षेत्र में बाजारीकरण का स्थान दिलाना है। वहीं संस्था अध्यक्ष गीता सत्यबली ने बताया कि नाबार्ड के सहयोग से 4 दिवसीय मेले का आयोजन इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को खास बनाने के साथ- साथ लघु स्तर पर कार्य कर रही उद्यमी महिलाओं का उत्साहवर्धन करेगा। मेले में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम व होली महोत्सव के साथ -साथ उत्तराखंड राज्य के विभिन्न जिलों नैनीताल, ऊधम सिंह नगर, चम्पावत, रूड़की अन्य जगहों के हस्तशिल्प- हथकरघा प्रदर्शनियों के साथ ही विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ व होली महोत्सव उत्पादों के साथ 30 स्टाल लगेंगे।



# BLM ACADEMY
## SENIOR SECONDARY SCHOOL
(Affiliated to CBSE, New Delhi)

CBSE Affiliation No. 3530343
ISO 9001:2015 (QMS) Certified School

## ADIMISSION OPEN
For The Academic Session 204-25

Classes
Nursery
to IX & XI

Streams:
Science, Commerce
& Humanities



# 1 School in Haldwani

LIMITED SEATS
APPLY
NOW





Celebrate The Gift Of Life

Mob.- 9690588867
7055515683
Fax- 05946-232010
Ph.- Fax- 05946-232010

blmacademy5@gmail.com
https://www.blmacademy.com
Padampur Dewaliya, Goraparow, Haldwani, Nainital (UK)